# बिहार पुलिस अकादमी
## पुलिस अवर निरीक्षकों (2018 बैच) के मौलिक प्रशिक्षण की सत्रांत पूर्व परीक्षा 2021
### पेपर– विधि

**कुल अंक 50** *समय 01 घंटा* **उत्तीर्णांक 25**

**निर्देशः**

1. पूरे प्रश्न पत्र को पढ़ समझ लेने के बाद ही प्रश्नोत्तर प्रारम्भ करें।
2. सभी वस्तुनिष्ठ बहुविकल्पीय प्रश्न अनिवार्य है। प्रत्येक प्रश्न का जो उत्तर विकल्प सबसे सही प्रतीत हो, उत्तर पुस्तिका के प्रथम पृष्ठ पर उसके नीचे के वृत्त को **काली स्याही से पूरी तरह भर** दें जैसा नीचे उदाहरण में इंगित है।

नमूना प्रश्न : भारतीय दण्ड विधान में कैसे प्रावधान है ?
क. केवल अपराधों की परिभाषा ख. केवल अपराधो के लिये विहित दण्ड
ग. 'क' एवं 'ख' दोनो घ. अनुसंधान की प्रक्रियाएँ
नमूना उत्तर : क ख ग घ
○ ○ ● ○

---

**प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है।**

**1.** ''बिना आपराधिक मनः स्थिति के कोई कार्य अपराध नही हो सकता'' यह कथन है :
(क) लार्ड केनी (फौलर बनाम फैडजर) (ख) डॉ0 हरि सिंह गौड़ (क्रिमिनल लाईन इंडिया)
(ग) लार्ड मैकाले (घ) डी0 एफ0 मुल्ला

**2.** ''आपराधिक मानव वध'' और ''हत्या'' के बीच अन्तर करने के लिए निम्न में से कौन निर्णायक है ?
(क) कार्य (ख) आशय (ग) जानकारी (घ) मानव जीवन के प्रति जोखिम की मात्रा

**3.** ''सदभाव'' पद परिभाषित किया गया है। भारतीय दण्ड संहिता 1860 की :
(क) धारा 39 में (ख) धारा 43 में (ग) धारा 52 में (घ) धारा 52 ए में

**4.** भा0द0वि0 की धारा 376 में वर्णित सजा है :
(क) कम से कम 7 वर्ष का सश्रम कारावास और आजीवन कारावास तक अर्थदण्ड के साथ
(ख) कम से कम 10 वर्ष का सश्रम कारावास और आजीवन कारावास तक अर्थदण्ड के साथ
(ग) कम से कम 3 वर्ष का कारावास और अधिकतम 10 वर्ष अर्थ दण्ड के साथ
(घ) इनमें से कोई नहीं

**5.** मानहानि हो सकता है.........................द्वारा ?
(क) बोले गये या पढ़े जाने के लिए शब्दों द्वारा (ख) संकेतो द्वारा
(ग) दृश्य रूपनों द्वारा (घ) उपरोक्त में से कोई भी।

**6.** भारतीय दण्ड संहिता की धारा–299 और 300 के बीच के अंतर की विस्तृत विवेचना प्रथम बार निम्नलिखित में से किसके वाद में की गयी थी ?
(क) वासुदेव बनाम स्टेट ऑफ यू0पी0 (ख) देव नारायण बनाम स्टेट ऑफ यू0पी0
(ग) आर0 बनाम गोबिन्दा (घ) इनमें से कोई नही

**7.** भारतीय दण्ड संहिता में निम्नलिखित में से कौन धारा सूचना प्राद्योगिकी अधिनियम 2000 के द्वारा जोड़ा गया है ?
(क) धारा–28A (ख) धारा–29A (ग) धारा–27A (घ) धारा–30A

**8.** भारतीय दण्ड संहिता की धारा 53 में वर्णित दण्डों का प्रकार है :
(क) छः (ख) सात (ग) आठ (घ) चार

**9.** भारतीय दण्ड विधान की निम्नलिखित में से कौन धारा उपबंधित करती है, कि समुचित सरकार मृत्युदण्ड के दण्डदेश का दण्ड संहिता में उपबंधित किसी अन्य दण्ड में लघुकृत कर सकती है ?
(क) धारा–51 (ख) धारा–52 (ग) धारा–53 (घ) धारा–54

**10.** कोई बात अपराध नहीं है, जो दुर्घटना या दुर्भाग्य से और किसी अपराधिक आशय या ज्ञान के बिना विधिपूर्ण साधानों द्वारा उचित सर्तकता और सावधानी के साथ विधि पूर्ण कार्य करने में ही हो जाती है, भारतीय दण्ड संहिता की..................के आधार पर ?
(क) धारा–80 (ख) धारा–81 (ग) धारा–82 (घ) धारा–83

**11.** भारतीय दण्ड संहिता की धारा 92 का उद्देश्य है–
(क) चिकित्सा व्यवसायियों का संरक्षण (ख) विधिक व्यवसायियों का संरक्षण
(ग) नशे में मत व्यक्तियों का संरक्षण (घ) पुलिस का संरक्षण

**12.** 'क' एक पुलिस अधिकारी एक अपराधी को संस्वीकृति करने को प्रेरित करते हुये यातना दिया। 'क' ने अपराध किया–
(क) धारा–331 के अन्तर्गत (ख) धारा–332 के अन्तर्गत (ग) कोई अपराध नहीं (घ) धारा–333 के अन्तर्गत

**13.** लूट एवं डकैती में मुख्य अन्तर अपराधियों की संख्या की है इनमें से कौन सा कथन सही है ?
(क) लूट के लिए अधिकतम अपराधियों की संख्या चार एवं डकैती में कम से कम पाँच या पाँच से अधिक
(ख) लूट के लिए अधिकतम अपराधियों की संख्या 5 से अधिक एवं डकैती में दस या दस से अधिक
(ग) लूट के लिए अधिकतम अपराधियों की संख्या निश्चित नहीं है डकैती के लिए चार या चार से अधिक
(घ) सभी कथन असत्य है

**14.** 'अपराध परिभाषित है–

(क) धारा–40 (ख) धारा–41 (ग) धारा–42 (घ) धारा–43

**15.** ''सदभाव'' पद परिभाषित किया गया है। भारतीय दण्ड संहिता 1860 की :

(क) धारा 39 में (ख) धारा 43 में (ग) धारा 52 में (घ) धारा 52 ए में

**16.** भारतीय दण्ड संहिता के अनुसार कौन सा दण्ड नहीं दिया जा सकता है–

(क) सम्पत्ति का समहरण (ख) कठोर श्रम के साथ कारावास (ग) आजीवन निर्वासन (घ) मृत्यु

**17.** निम्नलिखित में से किस केस में व्यक्ति सत्र न्यायालय में अपील कर सकता है ?

(क) यदि वह एक महानगरी दण्डाधिकारी या सहायक सत्र न्यायाधीश या प्रथम श्रेणी या द्वितीय श्रेणी दण्डाधिकारी द्वारा किये गये विचारण में दोषसिद्ध किया जाता है।

(ख) यदि उसे धारा 325 के अन्तर्गत सजा दी गयी है।

(ग) यदि किसी दण्डाधिकारी उसके विरूद्ध धारा 360 के अन्तर्गत आदेश दिया गया है या सजा पारित की गयी है।

(घ) उपरोक्त सभी।

**18.** राज्य अथवा जिलाविधिक सेवा प्राधिकार, जो भी हो पीड़ित के दुःख को कम करने के लिये तत्काल प्रथम उपचार की सुविधा अथवा चिकित्सकीय सुविधा का लाभ निःशुल्क उपलब्ध कराने का आदेश .......... के प्रमाण–पत्र पर दे सकता है।

(क) थाना प्रभारी के अन्यून स्तर का पदाधिकारी (ख) संबंधित क्षेत्र का दण्डाधिकारी

(ग) क अथवा ख (घ) उपरोक्त में से कोई नहीं।

**19.** दण्ड प्रक्रिया संहिता की निम्नलिखित में से कौन धारा आदेश देती है कि जब सत्र न्यायालय मृत्यु दण्ड देता है, कार्यवाही को उच्च न्यायालय को सुपुर्द किया जायेगा और जब तक सजा उच्च न्यायालय द्वारा पुष्ट नहीं कर दी जाती है, क्रियान्वित नहीं की जायेगी।

(क) धारा 366 (ख) धारा 367 (ग) धारा 368 (घ) धारा 369

**20.** अग्रिम जमानत का संबंध है–

(क) धारा–437 (ख) धारा–436 (ग) धारा–435 (घ) धारा–438

**21.** पुलिस पदाधिकारी द्वारा अनुसंधान के क्रम में तलाशी लेने का अधिकार द0प्र0स0 के किस धारा में वर्णित है ?

(क) धारा–167 (ख) धारा–158 (ग) धारा–165 (घ) धारा–164

**22.** द0प्र0स0 की किस धारा के अन्तर्गत कोई भी न्यायालय किसी अपराध का परिसीमा काल के अवसान के बाद संज्ञान ले सकता है

(क) धारा–473 (ख) धारा–472 (ग) धारा–471 (घ) उपरोक्त कोई नहीं

**23.** द0प्र0स0 की धारा 482 का संबंध है–

(क) आदेश (ख) एक अपराधी के गिरफ्तारी से

(ग) उच्च न्यायालय के अन्तनिहित शक्तिया (घ) जमानत लेने हेतु

**24.** द0प्र0स0 की धारा 6 में दण्ड न्यायालय के वर्ग में शामिल नहीं है–

(क) सत्र न्यायाधीश (ख) प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट (ग) कार्यपालक मजिस्ट्रेट (घ) उपरोक्त सभी

**25.** दण्ड प्रक्रिया संहिता की निम्नलिखित में से कौन की धारा आदेश देती है कि कोई न्यायालय जब उसने किसी मामले को निपटाने के लिये अपने निर्णय या अन्तिम आदेश पर हस्ताक्षर कर दिये हैं तब लिपिकीय या गणितीय भूल को ठीक करने से सिवाय उसमें कोई परिवर्तन नहीं करेगा या उसका पुनर्विलोकन नहीं करेगा।

(क) धारा 360 (ख) धारा 361 (ग) धारा 362 (घ) धारा 363

**26.** क्या दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 357 के अन्तर्गत आदेश अपीलीय न्यायालय द्वारा या पुनरीक्षण की शक्ति का प्रयोग करते समय उच्च न्यायालय या सत्र न्यायालय द्वारा किया जा सकता है ?

(क) हॉ (ख) नहीं (ग) निर्भर करता है (घ) उपरोक्त में से कोई नहीं।

**27.** अश्लील सामाग्री के इलेक्ट्रॉनिक रूप के प्रकाशन व प्रेषिण करने के लिये दण्ड सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000 की ....... में दण्ड उपबन्धित है।

(क) धारा 67 (ख) धारा 68 (ग) धारा 69 (घ) धारा 70

**28.** शस्त्र लाइसेंस की शर्तों की उल्लंघन के लिये दण्ड आयुद्ध अधिनियम, 1959 के किस धारा में है ?

(क) धारा 29 (ख) धारा 30 (ग) धारा 25 (घ) धारा 27

**29.** भीख मॉगने के लिये बच्चों को रोजगार देने का अपराध किस प्रकार का है।

(क) संज्ञेय (ख) गैर संज्ञेय (ग) दोनों (घ) इनमें से कोई नहीं।

**30.** संरक्षण अधिकारी द्वारा कर्तव्यों का निर्वहन न करने पर शास्ति के बारे में उपबन्ध घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, 2005 के किस धारा में दिये गये है ?

(क) धारा 37 (ख) धारा 333 (ग) धारा 34 (घ) इनमें से कोई नही।

**31.** घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, 2005 की धारा 2(ख) के अन्तर्गत "बालक" से कोई ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है जो –

(क) 18 वर्ष से कम आयु का है (ख) कोई दत्तक, सौतेला या पोषित बालक है।

(ग) नैसर्गिक बालक है। (घ) क और ख दोनों।

**32.** राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम, 1980 के किस धारा के तहत सलाहकार बोर्ड के गठन का प्रावधान है ?

(क) धारा 6 (ख) धारा 7 (ग) धारा 8 (घ) धारा 9

**33.** आयुद्धों के आयात–निर्यात के लिये लाईसेंस का प्रावधान आयुध अधिनियम, 1959 के किस धारा में है?

(क) धारा 7 (ख) धारा 8 (ग) धारा 9 (घ) धारा 10

**34.** विस्फोटक (पदार्थ) अधिनियम, 1908 की किस धारा में विस्फोटक पदार्थ की परिभाषा दी गयी है ?

(क) धारा 1 (ख) धारा 2–क (ग) धारा 2–ख (घ) धारा 3

**35.** सार्वजनिक जुआ अधिनियम, 1867 में जुआ नहीं है ?

(क) लॉटरी (ख) रमी खेलना (ग) घुड़दौड़ (घ) उपरोक्त सभी

**36.** एक एकल पुरूष ........ बच्चा को गोद लेने के योग्य नहीं है।

(क) बालक (ख) बालिका (ग) दोनों (घ) इनमें से कोई नहीं।

**37.** जे जे अधिनियम का कौन सा वर्ग भावी दत्तक माता–पिता की पात्रता से संबंधित है।

(क) धारा 50 (ख) धारा 52 (ग) धारा 56 (घ) इनमें से कोई नहीं।

**38.** एन.डी.पी.एस. एक्ट, 1985 में औषधि के दुरूपयोग के नियंत्रण के लिये राष्ट्रीय निधि का प्रावधान है–

(क) धारा 6 (ख) धारा 7 (ग) धारा 7 ए (घ) धारा 8

**39.** एन.डी.पी.एस. एक्ट, 1985 की किस धारा के अंतर्गत स्वापक आयुक्त की नियुक्ति की जाती है ?

(क) धारा 4 (ख) धारा 5 (ग) धारा 6 (घ) धारा 7

**40.** घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, 2005 में संरक्षण अधिकारी किसके नियंत्रण और पर्यवेक्षण के अधीन होता है ?

(क) राज्य सरकार (ख) स्थानीय जनता (ग) मजिस्ट्रेट (घ) केंद्र सरकार

**41.** घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, 2005 की धारा 18 के अंतर्गत संरक्षण आदेश कौन पारित करता है ?

(क) मजिस्ट्रेट (ख) कल्याण विशेषज्ञ (ग) सेवा प्रदाता (घ) इनमें से कोई नहीं।

**42.** 'रेस जेस्टे' शब्द की चर्चा इस अधिनियम की किस धारा में की गयी है ?

(क) धारा–28 (ख) धारा–6 (ग) धारा–9 (घ) धारा–11

**43.** घटना से संबंधित अभियुक्त का निम्नलिखित में कौन–कौन से आचरण व तथ्य सुसंगत माने गये है ?

(क) पूर्व का आचरण (ख) पश्चात का आचरण (ग) तैयारी (घ) उपर्युक्त सभी

**44.** सामान्य परिकल्पना के बारे में षडयंत्रकारी द्वारा कही या की गई बाते साक्ष्य अधिनियम की किस धारा में सुसंगत माना गया है ?

(क) धारा–9 (ख) धारा–10 (ग) धारा–27 (घ) धारा–8

**45.** 'एलीबाई' साक्ष्य अधिनियम की किस धारा में सुसंगत माना गया है ?

(क) धारा–24 (ख) धारा–11 (ग) धारा–30 (घ) धारा–31

**46.** उत्प्रेरणा (Inducement), धमकी या वचन (Promise) के प्रभाव के दूर होने पर की गयी संस्वीकृति किस धारा में सुसंगत होता है ?

(क) धारा–24 (ख) धारा–26 (ग) धारा–28 (घ) धारा–29

**47.** निम्नलिखित कौन साक्ष्य के रूप में ग्राह्य (Admissiable) है ?

(क) फिंगर प्रिंट रिपोर्ट (ख) MVI रिपोर्ट (ग) नार्को एनालिसिस रिपोर्ट (घ) फुट प्रिंट रिपोर्ट

**48.** दस्तावेज को साबित करने हेतु न्यायालय सबसे ज्यादा उपेक्षा किस प्रकार के साक्ष्य का करता है ?

(क) प्राथमिक साक्ष्य (ख) द्वितीयक साक्ष्य (ग) अभिप्रमाणित प्रतियों का साक्ष्य (घ) उक्त सभी

**49.** इलेक्ट्रानिक अभिलेखों की ग्राह्यता की चर्चा भा0सा0अधि0 की इनमें से किस धारा में की गयी है ?

(क) धारा–65 (ख) धारा–65(ख) (ग) धारा–62 (घ) धारा–64

**50.** 'हत्या के मामले में सबूत का भार मुख्य रूप से निम्नलिखित में किन पर होता है ?

(क) वादी या अभियोजन पक्ष पर (ख) प्रतिवादी या बचाव पक्ष पर

(ग) समयानुसार दोनो पक्ष पर (घ) न्यायालय पर